एनएचआरसी ने बिहार सरकार, पुलिस को नोटिस जारी किया

नई दिल्ली, एजेंसी।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने कैमूर जिले में पुलिस कर्मियों द्वारा एक बुजुर्ग शिक्षक की पिटाई की सूचना पर बिहार सरकार और राज्य पुलिस को नोटिस जारी किया है।

एनएचआरसी ने बताया कि हाल ही में कैमूर जिले में दो महिला पुलिसकर्मियों ने एक 70 वर्षीय व्यक्ति को कथित तौर पर सार्वजनिक रूप से डंडों से पीटा गया, जिसका मीडिया द्वारा जारी वीडियो की रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लेते हुए, अधिकार निकाय ने बिहार के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है और उन्हें चार सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए कहा है।

उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में जिम्मेदार पुलिस कर्मियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर की वर्तमान स्थिति और उनके खिलाफ की गई विभागीय कार्रवाई शामिल होनी चाहिए। आयोग ने कहा कि वह पीड़िता की वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानेंगे और उन्हें सहायता के तौर पर मुआवजा दिया जाएगा। एनएचआरसी ने कहा,मीडिया रिपोर्ट की सामग्री के साथ-साथ इस घटना का एक वीडियो भी जारी हो रहा है जो पीड़ित के जीवन और सम्मान के अधिकार के गंभीर मुद्दे को उठाता है।

मेघालय चुनावः तृणमूल ने युवाओं, महिलाओं के लिए 3 लाख नौकरियों का वादा किया

अभिषेक बनर्जी ने कहा, जब हम प्रतिज्ञा करते हैं, तो हम अपने खून की आखिरी बूंद तक इसे लागू करने के लिए लड़ते हैं

शिलांग,एजेंसी।

तृणमूल कांग्रेस ने मेघालय के लिए मंगलवार को जारी अपने चुनावी घोषणापत्र में किए गए 10 वादों में पांच साल में तीन लाख नौकरियां, युवाओं और महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपये की वित्तीय सहायता शामिल हैं। 27 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले घोषणापत्र जारी करते हुए तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा, जब हम प्रतिज्ञा करते हैं, तो हम अपने खून की आखिरी बूंद तक इसे लागू करने के लिए लड़ते हैं। हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि सरकार बनने के 100 दिनों के भीतर हमारी पार्टी मेघालय के लिए 10 वादों को लागू करेगी।

यह कहते हुए कि मेघालय में पार्टी का मिशन इस खूबसूरत राज्य को सभी क्षेत्रों में एक मॉडल राज्य में बदलना है, उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा को नया रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था को विकास के लिए बढ़ावा दिया जाएगा, नागरिक बुनियादी ढांचा सभी के लिए उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि स्वदेशी अधिकारों की हर कीमत पर रक्षा की जाएगी। बनर्जी ने कहा कि मेघालय के लिए तृणमूल की 10 प्रतिज्ञाएं नेशनल पीपुल्स पार्टी के नेतृत्व वाली मेघालय डेमोक्रेटिक

अलायंस सरकार द्वारा नजरअंदाज किए गए प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करती हैं, जैसे कि अर्थव्यवस्था, युवा, महिला अधिकारिता, सामाजिक सुरक्षा, खेती और कृषि, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, नागरिक सुविधाएं, पर्यटन, खेल, संगीत और संस्कृति।

मेघालय तृणमूल प्रमुख चार्ल्स पिंग्रोप ने घोषणापत्र जारी करने के समारोह को संबोधित करते हुए कहा, मेघालय एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गया है, जहां हम एकमात्र विश्वसनीय पार्टी बन गए हैं जो राज्य को प्रगति के पथ पर ले जा सकती है। तृणमूल विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री मुकुल संगमा ने कहा कि मंगलवार को उन्होंने जो 10 महत्वपूर्ण प्रतिज्ञाएं कीं, वे सभी क्षेत्रों में लोगों के जीवन के इर्द-गिर्द घूमने वाले इनपुट, मुद्दों और चुनौतियों पर आधारित हैं।

तृणमूल ने राज्य के सभी उच्च माध्यमिक और कॉलेज जाने वाले छात्रों को डिजिटल शिक्षा की सुविधा के लिए एक लाख लैपटॉप देने का संकल्प लिया। बनर्जी ने कहा, उज्ज्वल भविष्य की गारंटी की प्रतिज्ञा के तहत हम पर्यटन क्षेत्र में व्यक्तियों को रोजगार देंगे और उनकी सेवाओं के लिए उन्हें 2,500 रुपये के मासिक मानदेय के साथ सरकार द्वारा पंजीकृत जॉब कार्ड दिया जाएगा। तृणमूल नेता ने कहा कि इस योजना के लिए केवल 75 करोड़ रुपये सालाना की जरूरत होगी।

महिला सशक्तिकरण के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए तृणमूल की 10 प्रतिज्ञाओं में मेघालय महिला सशक्तिकरण के लिए वित्तीय समावेशन (एमएफआईडब्लूई) योजना शामिल है, जिसके तहत राज्य के सभी घरों में महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपये मिलेंगे।

एक नजर

राष्ट्रपति गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी

नई दिल्ली,एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 74वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार (25 जनवरी, 2023) को शाम सात बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी और इसका प्रसारण आकाशवाणी तथा दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। राष्ट्रपति सचिवालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू के इस संबोधन का प्रसारण शाम 19:00 बजे से आकाशवाणी के संपूर्ण राष्ट्रीय नेटवर्क और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी में किया जाएगा। हिंदी में इस प्रसारण के तुरंत बाद संबोधन के अंग्रेजी पाठ का प्रसारण होगा।

त्रिपुरा में भाजपा नेता पर हमले के आरोप में दो गिरफ्तार

अगतरला,एजेंसी। त्रिपुरा में बनमालीपुर विधानसभा क्षेत्र में कथित तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुमन दास पर घातक हमला करने के आरोप मं् पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने श्री दास (35) की ओर से दिए गए बयान के आधार पर कहा कि इस हमले का राजनीति से कोई संबंध है, बल्कि व्यापारिक प्रतिद्वंद्विता का परिणाम है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंतू विश्वास और दीप्तानू विश्वास के रूप में हुई है। दोनों भाई है और पीड़ित के पड़ोसी है।

17 फरवरी को होगा तेलंगाना के नये सचिवालय भवन का उद्घाटन

हैदराबाद,एजेंसी। तेलंगाना के सड़क एवं भवन मंत्री वेमुला प्रशांत रेड्डी ने मंगलवार को घोषणा की कि नये सचिवालय भवन का उद्घाटन 17 फरवरी को किया जायेगा। रेड्डी ने बताया कि वेदिका विद्वानों के निर्णय के अनुसार मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव 17 फरवरी को पूर्वाह्न 1130 से अपराह्न 1230 बजे के बीच सचिवालय का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि उद्घाटन से पहले वैदिक विद्वानों के मार्गदर्शन में वास्तु पूजा, चंडी यज्ञ और सुदर्शन यज्ञ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, डॉ बीआर अंबेडकर के पौत्र प्रकाश अंबेडकर समेत कई गणमान्य लोग उपस्थिति रहेंगे।

भारत का अपना आपदा प्रतिक्रिया मॉडल हो सकता है: मांडविया

नई दिल्ली, एजेंसी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि विविध भूभागों वाला एक विशाल देश होने के नाते भारत का अपना आपदा प्रतिक्रिया मॉडल हो सकता है, जिसका अन्य देश भी अनुकरण कर सकते हैं। मांडविया ने कहा कि भारत का मॉडल सर्वोत्तम वैश्विक तरीकों से सीख ले सकता है और जमीनी स्तर पर आपात स्थितियों से निपटने के वास्ते लचीला और चुस्त बनने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के परे जाकर काम कर सकता है।

उन्होंने 'राष्ट्रीय आपात चिकित्सीय दल, भारत' (एनईएमटी) की एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा,विश्व की सबसे अच्छी प्रक्रियाओं से सीखना

और एसओपी का पालन करना महत्वपूर्ण है, लेकिन आइए हम साथ ही पिछले कुछ दशकों में हमारे देश में आपातकालीन और आपदा प्रतिक्रिया के उदाहरणों से सीखें और इनका अध्ययन कर अपने मॉडल को समृद्ध बनाएं।

मांडविया ने कहा, आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं प्रबंधन के राष्ट्रीय ढांचे के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण मॉड्यूल में बहु-क्षेत्रीय और बहु-स्तरीय शिक्षा को शामिल करने की आवश्यकता है। एक बयान में बताया गया कि इस दो दिवसीय कार्यशाला का उद्देश्य एनईएमटी पहल के सभी हितधारकों को पहल की नीति, रणनीति, भूमिकाओं और जिम्मेदारियों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ लाना और आपात स्थितियों में स्वास्थ्य आवश्यकताओं के अनुरूप आपदा प्रबंधन की तैयारी के लिए देश की जरूरतों को एकीकृत करने का एक खाका तैयार करना है। स्वास्थ्य आपात स्थितियों की रोकथाम, तैयारी और प्रतिक्रियाएं 'जी20 स्वास्थ्य निगरानी' एजेंडे के तहत प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में शामिल हैं।

केरल के तिरुवनंतपुरम में जी20 स्वास्थ्य कार्य समूह की बैठक के बाद हुई यह पहली बैठक है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य एजेंसियों, आपातकालीन सेवा प्रदाताओं, ट्रॉमा सेंटर आदि के बीच सहयोग के महत्व पर जोर दिया तथा फुर्ती एवं तेजी से और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए उनके मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

अनुराग गुप्ता भारत में एईबीसी उपाध्यक्ष नियुक्त

नई दिल्ली,एजेंसी। अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प (एईबीसी) ने भारत में अनुराग गुप्ता को उपाध्यक्ष और ग्लोबल मर्चेंट एवं नेटवर्क सर्विसेज का प्रमुख नियुक्त करने की घोषणा की है। इस अवसर पर गुप्ता ने कहा, मैं इस नयी भूमिका को लेकर उत्साहित हूं। भारत में डिजिटल भुगतान में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज की जा रही है और इस अवसरों का दोहन करने के साथ ही नए ग्राहक बनाने और कार्ड जारी करने और बाजार में अपनी पहुंच का विस्तार करने की संभावनाएं तलाश रहा हूं। उन्होंने कहा कि वह पिछले 18 वर्षों से अमेरिकन एक्सप्रेस का हिस्सा रहे है और भारत एवं अन्य वैश्विक बाजारों में अपनी भूमिकाओं का निर्वहन करते रहे है।

राजनाथ ने एयरो इंडिया की तैयारियों की समीक्षा की

नई दिल्ली, एजेंसी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अगले महीने 13 से 17 तारीख तक बेंगलुरू में होने वाले एयरो इंडिया शो की तैयारियों की मंगलवार को यहां समीक्षा की। एयरो इंडिया का आयोजन कर रही शीर्ष समिति की बैठक में श्री सिंह को पांच दिन के इस एयर शो से संबंधित तमाम जानकारी दी गयी। एशिया के सबसे बड़े एयर शो एयरो इंडिया का यह 14 वां संस्करण है जिसका आयोजन 35 हजार वर्ग मीटर में किया गया है। उन्होंने सभी पक्षधारकों से प्रतिभागियों के लिए हर तरह से पुख्ता तैयारी करने को कहा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि एयरो इंडिया 2023 केवल एक आयोजन भर नहीं होगा बल्कि यह देश की रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में बढती ताकत और मजबूत तथा आत्मनिर्भर 'नये भारत' के उदय की झलक होगी। वायु सेना के स्टेशन येलाहंका में इस एयर शो का 35 हजार वर्ग मीटर में आयोजन किया जा रहा है और इसके लिए 731 कंपनियों ने पंजीकरण कराया है। एयरो इंडिया का थीम 'एक अरब अवसरों का रनवे' है। इसके अलावा रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन होगा तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की गोलमेज बैठक भी होगी। एयरो इंडिया के दौरान बंधन समारोह का भी आयोजन किया जायेगा जिसके दौरान अनेक समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये जायेंगे।

राहुल गांधी सद्भाव का संदेश फैलाकर नफरत से लड़ रहे हैं: देवेगौड़ा

बेंगलुरु, एजेंसी।

पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' के लिए मंगलवार को शुभकामनाएं दीं और लोगों के बीच सद्भाव का संदेश फैलाकर नफरत व हिंसा से लड़ने के लिए उनकी सराहना की।

जनता दल (सेक्युलर) के प्रमुख ने 30 जनवरी को श्रीनगर में यात्रा के समापन समारोह में शामिल होने में असमर्थता भी जतायी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने श्रीनगर में समापन समारोह में शामिल होने के लिए कई समान विचारधारा वाले दलों के नेताओं को आमंत्रित किया है। देवेगौड़ा ने खरगे

को लिखे पत्र में निमंत्रण के लिए उनका शुक्रिया अदा किया और कहा, राष्ट्रपिता (महात्मा गांधी) की पुण्यतिथि के दिन इस समारोह को आयोजित किया जाना एकदम उचित है। उन्होंने कहा,मैं निजी तौर पर समारोह में शिरकत नहीं कर पाऊंगा, लेकिन मेरी शुभकामनाएं राहुल गांधी के साथ हैं।

मिस्र के राष्ट्रपति भारत की यात्रा पर दिल्ली पहुंचे

नई दिल्ली,एजेंसी। भारत के 74वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह एल सिसी आज यहां पहुंच गये। पालम वायुसैनिक हवाईअड्डे पर मिस्र के राष्ट्रपति अपने विशेष विमान से करीब छह बजे उतरे। विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने उनकी अगवानी की। एल सिसी की यह तीसरी भारत यात्रा है। वह पहली बार 2015 में भारत अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन में भाग लेने आये थे और इसके बाद सितंबर 2016 में वह द्विपक्षीय राजकीय यात्रा पर आये थे। श्री मोदी से उनकी यह तीसरी मुलाकात होगी। एल सिसी का कल सुबह दस बजे राष्ट्रपति भवन में रस्मी स्वागत किया जाएगा।

कांग्रेस का डीएनए पाकिस्तान परस्ती का है: चौहान

भोपाल, एजेंसी।

कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाने और केंद्र पर झूठ फैलाने का आरोप लगाने के एक दिन बाद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को दावा किया कि 'कांग्रेस का डीएनए ही पाकिस्तान परस्ती' का है। चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वे सशस्त्र बलों का मनोबल गिराने का 'पाप' कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में सोमवार को 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा था कि सरकार केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कर्मियों को श्रीनगर से दिल्ली हवाई मार्ग से लाने के उसके (सीआरपीएफ के) अनुरोध पर सहमत नहीं हुई और पुलवामा में वर्ष 2019 में एक आतंकी हमले में 4 0 सुरक्षाकर्मियों को अपना बलिदान देना पड़ा।

सिंह की टिप्पणियों से रा ज नी ति क विवाद खड़ा हो गया, लेकिन कांग्रेस ने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि ये उनके अपने निजी विचार हैं और पार्टी के रुख को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं। चौहान ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं से बात करते हुए कहा,कांग्रेस का डीएनए ही पाकिस्तान परस्ती का है। कभी सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगते हैं।

Morning Glory Leasing and Finance Limited

CIN:L67120DL1984PLC018872 , Website: www.morninggloryleasing.in
Regd. Off: IRIS House 16 Business Centre, Nangal Raya, New Delhi-110046.
Email: morninggloryleasing@gmail.com, Ph: 011- 4711 9100

Statement of Unaudited Financial Results for the Quarter and Nine Months Ended December 31, 2022 (₹ in Lakhs)

Sl. No.	Particulars	For the Quarter Ended on 31-12-2022	For the Quarter Ended on 30-09-2022	For the Quarter Ended on 31-12-2021	For the Nine Monthts Ended on 31-12-2022	For the Nine Months Ended on 31-12-2021	For the Year Ended on 31-03-2022
1	Total income from Operations	1.25	2.74	1.25	5.24	4.19	5.44
2	Net Profit /(Loss) for the period (before Tax & Exceptional items)	0.06	1.82	0.17	2.32	1.24	1.52
3	Net Profit /(Loss) for the period (before Tax after Exceptional items)	0.06	1.82	0.17	2.32	1.24	1.52
4	Net Profit /(Loss) for the period (after Tax after Exceptional items)	0.05	1.35	0.13	1.72	0.92	1.12
5	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit /(Loss) and Other Comprehensive Income after Tax)	(67.97)	(88.59)	(35.32)	32.08	131.04	276.68
6	Paid up Equity Share Capital (Face value of Rs.10/- each)	24.90	24.90	24.90	24.90	24.90	24.90
7	Earnings Per Share (of ₹ 10/- each) (For continuing operations)						
	1. Basic (amount in Rs.)	(27.30)	(35.58)	(14.18)	12.88	52.63	111.12
	2. Diluted (amount in Rs.)	(27.30)	(35.58)	(14.18)	12.88	52.63	111.12

NOTES :
1. The above results were reviewed and recommended by the Audit Committee and then approved by the Board of Directors at their meeting held on 24th January, 2023. The Unaudited Financial Results for the Quarter and Nine Months ended December 31, 2022 have been limited reviewed by the Statutory Auditors of the Company.
2. The above is an extract of the detailed format of Unaudited Financial Results for the Quarter and Nine Months ended December 31, 2022 filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of Unaudited Financial Results for the Quarter and Nine Months ended December 31, 2022 is available on the stock exchange website (URL-www.msei.in) and also on Company's website at https://www.morninggloryleasing.in.
3. There is no change(s) in accounting policies which impact(s) on the net profit / loss and total comprehensive income or any other relevant financial item(s).
4. Exceptional items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules.

For and on behalf of the Board of Directors of
Morning Glory Leasing and Finance Ltd
Sd/-
Rajesh Bagri
Managing Director

Place : New Delhi
Date : 24th January, 2023

देश में पिछले 24 घंटे में 11 राज्यों में कोरोना के नए मामलों की पुष्टि

नई दिल्ली, एजेंसी।

देश में पिछले 24 घंटे में आठ राज्यों और तीन केन्द्र शासित प्रदेश में कोरोना संक्रमण के नए मामले सामने आए हैं और शेष राज्यों में इनकी संख्या में कमी आयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 220.30 करोड़ से अधिक टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि देश में कोरोना के सक्रिय मामले घटकर 1,931 रह गए हैं और इसी अवधि में 90 मरीजों ने कोरोना को मात दी है, जिससे इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,41,49,436 हो गयी है।

स्वस्थ होने की दर 98.80 प्रतिशत तक पहुंच गयी है जबकि कोरोना वायरस संक्रमण से एक मरीज की मौत हुई है, जिससे मृतकों

की संख्या 5,30,737 हो गयी है और मृत्युदर 1.19 फीसदी बनी हुई है। राष्ट्रीय राजधानी में पिछले 24 घंटे में तीन सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 16 हो गयी। इस महामारी से अब तक 19,80,813 लोग स्वस्थ हो चुके हैं और अभी तक 26,522 मरीजों की मृत्यु हो चुकी है।

पिछले 24 घंटों में दक्षिण भारत के केरल में 13 सक्रिय मामले घटने से इनकी कुल संख्या घटकर 1,210 रह गयी है, जबकि इससे निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 67,56,690 तक पहुंच गयी है और मृतकों का आंकड़ा 71,573 पर बरकरार है।

कर्नाटक में 12 सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 163 हो गई है। राज्य में इस महामारी से उबरने वालों की संख्या बढ़कर 40,32,244 हो गई है और मृतकों की संख्या 40,309 पर स्थिर है। इसके अलावा, महाराष्ट्र में कोरोना के सात सक्रिय मामले घटने से सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 117 रह गयी है। इस दौरान 13 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 79,88,530 तक पहुंच गयी है और राज्य में मृतकों का आंकड़ा 1,48,420 है।

बिहार में पिछले 24 घंटे में चार सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर पांच हो गयी। इस महामारी से अब तक 8,39,100 लोग स्वस्थ हो चुके हैं और अभी तक कुल 12,303 मरीजों की मृत्यु हो चुकी है। ओडिशा में पिछले 24 घंटे में तीन सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 74 हो गयी है।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें। **महत्वपूर्ण सूचना**

दिनांक 26.01.2023 (गुरूवार) को गणतंत्र दिवस परेड के दौरान तिलक ब्रिज से रेलगाड़ियों का आवागमन अस्थाई तौर पर स्थगित रहेगा। इस दौरान निम्नलिखित मेल/एक्सप्रेस/पैसेंजर रेलगाड़ियां निम्नानुसार निरस्त रहेंगी या परिवर्तित मार्ग से अथवा कुछ समय के लिए रोककर चलाई जाएंगीः-

दिनांक 26.01.2023 को रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	
04913/12 पलवल-गाज़ियाबाद-पलवल विशेष	04965 पलवल-नई दिल्ली विशेष
04952 नई दिल्ली - गाज़ियाबाद विशेष	04947 गाज़ियाबाद-नई दिल्ली विशेष

दिनांक 26.01.2023 को रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	मार्ग परिवर्तन
04444 नई दिल्ली-गाज़ियाबाद विशेष	नई दिल्ली - दिल्ली शाहदरा - साहिबाबाद के परिवर्तित मार्ग पर चलाई जायेगी
04408 शकूरबस्ती-पलवल विशेष	पटेल नगर-दिल्ली सफदरजंग -ह.निज़ामुद्दीन के परिवर्तित मार्ग पर चलाई जायेगी
04956 दिल्ली जं.-गाज़ियाबाद विशेष	दिल्ली जं.-दिल्ली शाहदरा-साहिबाबाद के परिवर्तित मार्ग पर चलाई जायेगी
12423 डिब्रुगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्स. 12313 सियालदह-नई दिल्ली राजधानी एक्स. 12259 सियालदह-बीकानेर दुरोन्तो एक्स. 12056 देहरादून-नई दिल्ली जन शताब्दी एक्स. 20839 राँची-नई दिल्ली राजधानी एक्स.	यह रेलगाड़ियां साहिबाबाद-दिल्ली शाहदरा-दिल्ली जं.- नई दिल्ली मार्ग पर परिवर्तित की जा सकती है।

दिनांक 26.01.2023 को रेलगाड़ियों का विनियमन

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	स्टेशन जहाँ रेलगाड़ी रोककर चलाई जायेगी
20506 नई दिल्ली-डिब्रुगढ़ राजधानी एक्स. 14086 सिरसा-तिलक ब्रिज एक्सप्रेस 11078 जम्मू तवी-पुणे झेलम एक्सप्रेस 15128 नई दिल्ली-बनारस काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस 02570 नई दिल्ली-दरभंगा क्लोन विशेष	सुरक्षा एजेंसियों के प्राप्त निर्देशों के अनुसार परेड के समाप्त होने तक यह रेलगाड़ियां नई दिल्ली स्टेशन पर विनियमित की जा सकती है।
12925 मुंबई सेंट्रल-अमृतसर पश्चिम एक्स.	ह. निज़ामुद्दीन स्टेशन पर विनियमन
12033 कानपुर सेंट्रल-नई दिल्ली शताब्दी एक्स.	साहिबाबाद स्टेशन पर विनियमन
12581 बनारस-नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्स. 20801 इसलामपुर-नई दिल्ली मगध एक्सप्रेस	परेड के समाप्त होने तक यह रेलगाड़ियां गाज़ियाबाद स्टेशन पर विनियमित की जा सकती है।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर लिखें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
254/2023

मुलाकात प्रधानमंत्री ने इन पुरस्कार विजेताओं को स्मृति चिन्ह भेंट किए और उनसे अलग-अलग उनकी उपलब्धियों पर चर्चा की

राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं से मिले प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नयी दिल्ली में 7 लोक कल्याण मार्ग पर अपने सरकारी निवास पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) पुरस्कार विजेताओं से मुलाकात की इन बच्चों के साथ अनौपचारिक वातावरण में चर्चा के दौरान उनके साथ मानसिक स्वास्थ्य सहित कई विषयों पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के मुताबिक श्री मोदी ने इन पुरस्कार विजेताओं को स्मृति चिन्ह भेंट किए और उनसे अलग-अलग उनकी उपलब्धियों पर चर्चा की। बाद में उन्होंने उसके साथ अनौपचारिक वातावरण में खुले मन

से बातचीत की। बयान के अनुसार इन बच्चों ने अपने सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों के बारे में प्रधानमंत्री से कई प्रश्न पूछे और विभिन्न विषयों पर उनका मार्गदर्शन मांगा। मोदी ने उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए छोटी समस्याओं को हल करके शुरुआत करने, धीरे-धीरे क्षमता का निर्माण करने और उसका विस्तार करने तथा बड़ी समस्याओं को हल करने के लिए आत्मविश्वास विकसित करने की सलाह दी।

मानसिक स्वास्थ्य और बच्चों के सामने आने वाली समस्याओं के बारे में चर्चा करते हुए, उन्होंने इस मुद्दे के कलंक को दूर करने और ऐसे मुद्दों से निपटने में परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बात की। इस दौरान प्रधान मंत्री ने उनके साथ शतरंज खेलने के लाभ, कला और संस्कृति को करियर के रूप में लेना, अनुसंधान और नवाचार, आध्यात्मिकता जैसे कई अन्य विषयों पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार छह श्रेणियों , नवोन्मेष, समाज सेवा, शैक्षिक, खेल, कला एवं संस्कृति में उल्लेखनीय कार्य और असाधारण साहसिक कार्य के लिए दिए जाते हैं। विजेताओं को एक पदक, प्रमाण-पत्र और एक-एक लाख रुपये नकद दिया जाता है। इस वर्ष बाल शक्ति पुरस्कार की विभिन्न श्रेणियों के तहत 11 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के से 11 बच्चों को चुना गया है। इनमें 6 लड़के और 5 लड़कियां शामिल हैं।